Nav Bharat Times - New Delhi - 27 -01- 2011

आईपीयू : बीबीए-एमबीए में तीन नए कोर्स

नए सेशन के लिए एडमिशन प्रोसेस फरवरी के पहले हफ्ते में

भूपेंद्र ॥ नई दिल्ली

गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) यूनिवर्सिटी ने सेशन 2011-12 के लिए कुछ बदलाव को मंजूरी दे दी है। यूनिवर्सिटी ने एक अहम फैसला करते हुए बीबीए व एमबीए स्ट्रीम में तीन नए प्रोग्राम शुरू करने का फैसला किया है। यूनिवर्सिटी में नए सेशन के लिए एडमिशन प्रोसेस फरवरी के पहले हफ्ते में शुरू हो जाएगा। एंट्रेंस टेस्ट को लेकर भी कुछ नए कदम उठाए गए हैं।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. दिलीप के. बंदोपाध्याय ने बताया कि नए सेशन से बीबीए इन फाइनेंशल मार्केट, एमबीए इन फाइनेंशल मार्केट और एमबीए इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट कोर्स शुरू करने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि फाइनेंशल मार्केट में करियर के बढ़ते ऑप्शन को देखते हुए ही यूनिवर्सिटी ने यह कदम उठाया है। इन कोर्सेज को लेकर यूनिवर्सिटी और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ एमओयू भी साइन किया जाएगा। यूनिवर्सिटी कोर्सेज का स्ट्रक्चर तैयार कर रही है और एमओयू साइन करने की प्रक्रिया पर भी काम किया जा रहा है।

प्रो. बंदोपाध्याय के मुताबिक एमबीए इन फाइनेंशल मार्केट कोर्स यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में चलाया जाएगा और यूनिवर्सिटी स्कूल में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स इस कोर्स को कर सकेंगे जबकि एमबीए इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट और बीबीए इन फाइनेंशल मार्केट कोर्स यूनिवर्सिटी से जुड़े सेल्फ फाइनैंसिंग इंस्टिट्यूशन में शुरू होगा। वाइस चांसलर के मुताबिक कोर्स कंटेंट यूनिवर्सिटी ही तैयार कर रही है और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज से विजिटिंग फैकल्टी को भी बुलाया जाएगा, जो यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के साथ अपने अनुभव बांटेंगी। इन कोर्सेज को शुरू करने के लिए इंस्टिट्यूट से ऐप्लीकेशन भी मांगी जाएंगी और जहां पर इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर होगा, वहां पर ये कोर्स शुरू किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक इंस्टिट्यूट को यह ऑप्शन भी दिया जाएगा कि अगर वे बीबीए की किसी कोर्स के बदले इस नए कोर्स को चुनना चाहें तो भी यूनिवर्सिटी इस पर विचार करेगी।

तीन नए प्रोग्राम...

- बीबीए इन फाइनेंशल मार्केट का नया कोर्स शुरू होगा
- एमबीए इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट भी इस सेशन से जुड़ेगा
- फरवरी के पहले हफ्ते में शुरू हो जाएगा एडमिशन प्रोसेस
- पर बीबीए की सीटों में इजाफा करने की कोई उम्मीद नही

दरअसल इस साल बीबीए कोर्स की कुछ सीटें खाली रह गई थीं और इसी को ध्यान में रखते हुए यूनिवर्सिटी ने मार्केट की जरूरतों के हिसाब से नए कोर्स शुरू करने का फैसला किया है। पर यूनिवर्सिटी इस बार बीबीए कोर्स की सीटों में इजाफा करने के मूड में नहीं है। वीसी के मुताबिक एग्जाम सेंटरों की खास निगरानी के लिए स्पेशल फ्लाइंग स्क्वॉड बनाई जाएगी और यूनिवर्सिटी की टीम सेंटरों पर जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐप्लीकेशन फॉर्म को बिल्कुल नया रूप दिया गया है और अब हर फॉर्म पर स्टूडेंट की बड़ी तस्वीर के साथ-साथ अंगूठे का निशान भी लिया जाएगा।

बीबीए कोर्स मॉर्निंग और ईवनिंग दोनों शिफ्टों में चलता है और करीब 17 इंस्टिट्यूट यह कोर्स कंडक्ट करते हैं। बीबीए कोर्स पांच स्ट्रीम में चलता है। बीबीए जनरल, बीबीए (बैंकिंग एंड इंश्योरेंस), बीबीए (टूर एंड ट्रैवल मैनेजमेंट), बीबीए (कंप्यूटर ऐडेड मैनेजमेंट) और बीबीए (मॉडर्न ऑफिस प्रैक्टिस एंड मैनेजमेंट)। अब एक नई स्ट्रीम इस कोर्स में जुड़ जाएगी और बीबीए कोर्स छह स्ट्रीम में चलेगा। यूनिवर्सिटी में दो साल का फुल टाइम एमबीए कोर्स चलता है। इसके अलावा एमबीए पार्ट टाइम और वीकेंड कोर्स भी यहां होते हैं।

कुछ और नए बदलावों के तहत यूनिवर्सिटी ने एमबीए (पार्ट टाइम) कोर्स में एंट्रेंस टेस्ट को खत्म कर दिया है और मेरिट के बेस पर स्टूडेंट्स को एडमिशन मिलेगा। अभी तक एमबीए के सभी कोर्सेज में एडमिशन कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) के जरिए होता था लेकिन अब पार्ट टाइम एमबीए में स्टूडेंट्स को टेस्ट नहीं देना होगा। यूनिवर्सिटी ने यह भी तय किया है कि एमटेक के सभी कोर्सेज में एडमिशन के लिए यूनिवर्सिटी अगले साल से अपना एंट्रेंस टेस्ट कंडक्ट नहीं करेगी। एमटेक में दो तरीके से अब एडमिशन होगा। ग्रैजुएट ऐप्टिट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) में बैठने वाले स्टूडेंट्स आईपी यूनिवर्सिटी के एमटेक कोर्सेज में एडमिशन के लिए अप्लाई कर सकेंगे साथ ही मेरिट के बेस पर भी एडमिशन होगा। लेकिन प्राथमिकता गेट रैंक होल्डरों को मिलेगी।